**Brain International School**
Vikas Puri, New Delhi

# पुनरावृत्ति पत्रक

**विषय : हिंदी** **कक्षा –आठवी** **सत्र :2026-2027**

## अपठित बोध

**प्रश्न 1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

आज का युग सूचना और प्रौद्योगिकी का युग है। इसमें कोई संदेह नहीं कि इंटरनेट, स्मार्टफोन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) ने मानव जीवन को अत्यंत सुगम और त्वरित बना दिया है। भौगोलिक दूरियाँ अब मात्र एक क्लिक की दूरी पर सिमट चुकी हैं परंतु सिक्के के दूसरे पहलू पर दृष्टि डालें तो इस तकनीकी क्रांति ने एक गहरी सामाजिक और मानसिक समस्या को भी जन्म दिया है—मानवीय संवेदनाओं का ह्रास और अकेलापन। आज की युवा पीढ़ी स्क्रीन की आभासी (Virtual) दुनिया में इतनी गहराई से खो चुकी है कि वास्तविक संबंधों की गर्माहट कहीं गायब होती जा रही है। लोग सैकड़ों 'ऑनलाइन फ्रेंड्स' होने का दावा करते हैं लेकिन वास्तविक जीवन में दुख-सुख साझा करने के लिए उनके पास कोई मित्र नहीं होता। सोशल मीडिया पर दूसरों के जीवन की चकाचौंध देखकर युवाओं में तुलनात्मक हीनभावना, तनाव और एकाकीपन बढ़ रहा है। प्रौद्योगिकी स्वयं में न तो अच्छी है और न ही बुरी; यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम इसका उपयोग कैसे करते हैं। यदि तकनीक मनुष्य पर हावी हो जाए तो वह उसे विवेकहीन मशीन बना देती है इसलिए वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि हम तकनीक के प्रयोग में 'संतुलन' (Balance) बनाए रखें। हमें यह समझना होगा कि कोई भी स्क्रीन या मशीन कभी भी मानवीय सहानुभूति, प्रेम और प्रत्यक्ष संवाद का स्थान नहीं ले सकती।

**1. गद्यांश के अनुसार, तकनीक का अत्यधिक प्रयोग युवाओं पर क्या विपरीत प्रभाव डाल रहा है?**

**(क)** वे शारीरिक रूप से अस्वस्थ हो रहे हैं।

**(ख)** उनमें तुलनात्मक हीनभावना, तनाव और अकेलापन बढ़ रहा है।

**(ग)** वे इंटरनेट का उपयोग करना भूल रहे हैं।

**(घ)** उनका अकादमिक प्रदर्शन पूरी तरह समाप्त हो गया है।

**2. गद्यांश में 'सिक्के का दूसरा पहलू' प्रयोग का क्या अर्थ है?**

**(क)** किसी वस्तु का मौद्रिक मूल्य

**(ख)** किसी स्थिति या विषय का दूसरा दृष्टिकोण या नकारात्मक पक्ष

**(ग)** तकनीक की भौतिक संरचना

**(घ)** सिक्के को उछालकर निर्णय लेना

**3. गद्यांश के अनुसार 'तकनीक' के विषय में कौन-सा कथन सर्वाधिक उपयुक्त है?**

**(क)** तकनीक पूरी तरह से हानिकारक और वर्जित होनी चाहिए।

**(ख)** तकनीक केवल युवाओं के लिए उपयोगी है, बड़ों के लिए नहीं।

**(ग)** तकनीक स्वयं में तटस्थ है, इसका प्रभाव इसके प्रयोग के तरीके पर निर्भर करता है।

**(घ)** तकनीक मानवीय संवेदनाओं को बढ़ाने का एकमात्र साधन है।

**4.** 'कोई भी स्क्रीन मानवीय सहानुभूति का स्थान नहीं ले सकती'—लेखक के इस कथन का आशय अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

**5.** गद्यांश में 'विवेकहीन मशीन' बनने से बचने के लिए क्या समाधान सुझाया गया है और क्यों?

## व्याकरण

**शब्द विचार**

**प्रश्न-2 (1) शब्द किसे कहते हैं? पद और शब्द में क्या अंतर है?**

**(2) उत्पत्ति या स्रोत के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं? उनके नाम लिखिए।**

**(3) निम्नलिखित तद्भव शब्दों के 'तत्सम' रूप लिखिए |**

**हाथ, आग, दूध,आँख, साँप**

**(4)दिए गए शब्दों को उनके सही वर्ग में छाँटकर लिखिए |**

***(शब्द: हिमालय, पगड़ी, चाय, लंबोदर, विद्या, कैंची, पंकज, पुस्तक)***

**संज्ञा**

**प्रश्न-3 निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटिए और उनका सही भेद लिखिए:**

1. **गंगा एक पवित्र नदी है।**
2. **बच्चे मैदान में खेल रहे हैं।**
3. **सोना और चाँदी बहुत महँगी धातुएँ हैं।**

4. **सैनिकों की वीरता देखकर सब हैरान रह गए।**

**सर्वनाम**

**प्रश्न-4 उचित सर्वनाम शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए |**

1. ________________ अपना काम स्वयं करना चाहिए।
2. दूध में ________________ गिर गया है, ध्यान से पीना।
3. यह वही पुस्तक है ________________ मुझे पुरस्कार में मिली थी।
4. अरे रमेश! ________________ कहाँ जा रहे हो?

**विराम चिह्न**

**प्रश्न-5 सही विराम चिह्न लगाकर वाक्य पुनः लिखिए**

1. **वाह तुमने तो कमाल कर दिया**
2. **राम लक्ष्मण और सीता वन को गए**
3. **सुभाषचंद्र बोस ने कहा था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा**
4. **क्या आपने अपना गृहकार्य पूरा कर लिया है**

**उपसर्ग/प्रत्यय**

**प्रश्न-6 (1). उपसर्ग और मूल शब्द अलग-अलग कीजिए:**

**(i) निर्दोष** =

**(ii) परतंत्र** =

**(iii) बदनाम** =

**(iv) अत्याचार** =

**2. मूल शब्द और प्रत्यय अलग-अलग कीजिए:**

**(i) ऐतिहासिक** =

**(ii) सजावट** =

**(iii) सामाजिक** =

**(iv) ईमानदारी** =

**प्रश्न 7) दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- अध्यापक** , कपाल , हाथ , पुस्तक , गाल, पेट, विद्यार्थी

**प्रश्न 8) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए |**

जो वेतन लेकर काम करे -

जो गणना में न आ सके–

जो सबको प्रिय हो –

जो राजनीति जाने –

जिसकी कोई संतान न हो -

**प्रश्न 9) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए –**

अंग-अंग टूटना

अंधे की लाठी

अगर मगर करना

अपने पैरों पर खड़े होना

अंत होना

**प्रश्न 10) निम्नलिखित श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए |**

अंश-अंस, अब-अव, अनल-अनिल आदि-आदी, अली-आली

**प्रश्न 11) विलोम शब्द लिखिए -**

लाभ, मानव, सत्य,राजा मीठा, सुबह, नूतन, निंदा, नर, पाप

**संधि**

**प्रश्न-12 संधि कीजिए**

1. **विद्या + अर्थी** = ___________________
2. **देव + इंद्र** = ___________________
3. **एक + एक** = ___________________
4. **इति + आदि** = _________________
5. **नै + अक** = ___________________

**साहित्य ( मल्हार )**

**प्रश्न 13)**

## पाठ 1: स्वदेश (कविता)

1. 'स्वदेश' कविता का केंद्रीय भाव (मुख्य विचार) अपने शब्दों में 2-3 पंक्तियों में लिखिए।
2. 'सच्चा देश-प्रेम केवल बातों तक सीमित न होकर कर्मों में दिखना चाहिए।'— कविता के संदर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए।
3. एक विद्यार्थी के रूप में आप अपने देश (स्वदेश) की उन्नति और समृद्धि में क्या-क्या योगदान दे सकते हैं? कोई दो बिंदु लिखिए।

## पाठ 2: दो गौरैया

1. गौरैया जोड़ों ने घर में अपना घोंसला बनाने के लिए कौन-कौन सी जगह चुनी थीं और उनके इस प्रयास से घर के लोग क्यों परेशान थे?
2. पिताजी अंततः गौरैयों को घर में रहने देने के लिए क्यों सहमत हो गए? तथा उनका हृदय परिवर्तन कैसे हुआ?
3. 'पक्षी भी घर का हिस्सा बन जाते हैं'— इस पाठ के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए कि लेखक के घर का वातावरण पक्षियों की उपस्थिति से कैसा हो गया था?

## पाठ 3: एक आशीर्वाद (कविता)

1. 'हर दीये की रोशनी देखकर ललचाएँ' पंक्ति के माध्यम से कवि बच्चे में किस प्रकार की भावना का विकास करना चाहते हैं?
2. 'एक आशीर्वाद' कविता में 'स्वप्न' शब्द को किस रूप में प्रस्तुत किया गया है और इसका क्या संदेश है?
3. इस कविता के अनुसार, केवल बड़े सपने देखना ही पर्याप्त क्यों नहीं है? सपनों को सच करने के लिए किन-किन चीज़ों की आवश्यकता होती है?

## पाठ 4: हरिद्वार

1. हरिद्वार' शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या है? तथा इस स्थान को यह नाम क्यों दिया गया?
2. हरिद्वार में लगने वाले कुंभ मेले का सांस्कृतिक और सामाजिक महत्त्व क्या है? संक्षेप में लिखिए।
3. गंगा नदी की पवित्रता और पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से श्रद्धालुओं को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

## पाठ 5: कबीर के दोहे (दोहे)

1. ऐसी बाणी बोलिये, मन का आपा खोइ"— कबीरदास जी मीठी वाणी बोलने की सलाह क्यों देते हैं? इससे बोलने वाले और सुनने वाले पर क्या प्रभाव पड़ता है?

2. "तिनका कबहूँ ना निंदिये, जो पाँवन तर होइ"— इस दोहे में 'तिनका' किसका प्रतीक है और कबीर जी इसके माध्यम से क्या सीख दे रहे हैं?
3. कबीर जी ने 'निंदक' (आलोचना करने वाले व्यक्ति) को अपने पास रखने की सलाह क्यों दी है?

**पाठ 6: एक टोकरी भर मिट्टी**

1. ज़मींदार साहब बुढ़िया की झोपड़ी पर अपना अधिकार क्यों जमाना चाहते थे?
2. "इस झोपड़ी में मेरी पोती की यादें बसी हैं"— बुढ़िया के लिए वह झोपड़ी केवल एक मिट्टी का मकान क्यों नहीं थी?
3. ज़मींदार साहब का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ? अंत में उन्होंने क्या निर्णय लिया?

## रचनात्मक लेखन

**'प्रश्न 14) जल संरक्षण (Save Water): पानी की एक-एक बूंद बचाने का आह्वान विषय पर लगभग 20 से 30 शब्दों में एक नारा लिखिए |**

**प्रश्न 15) अपने क्षेत्र में बिजली की लगातार कटौती की समस्या हेतु विद्युत अधिकारी को पत्र लिखिए |**

**प्रश्न 16) मित्र को गर्मी की छुट्टियों में अपने घर आमंत्रित करने हेतु पत्र लिखिए |**

**प्रश्न 17) 'मीठी वाणी का महत्त्व' विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |**

- **संकेत-बिंदु:**
  - वाणी मनुष्य का आभूषण
  - कटु वचन और मधुर वचन का प्रभाव
  - कबीर जी का विचार ("ऐसी बाणी बोलिये...")
  - संबंध सुधारने में मीठी वाणी की भूमिका

**प्रश्न 18) दो मित्रों के बीच मोबाइल/स्मार्टफोन के लाभ और हानियों पर हुई बातचीत को लगभग 70 से 80 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए |**

**प्रश्न 19) पर्यावरण संरक्षण: 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर लोगों को पेड़ लगाने हेतु प्रेरित करने वाला संदेश लिखिए।**